| | |
|---|---|
| तत् त्वं पूषन् अपावृणु<br>केन्द्रीय विद्यालय संगठन | **केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं**<br>**(गुरुग्राम संभाग)**<br>**अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 विषय : हिन्दी तिथि: .....................** |
| | **नामः.................. समय : 90 मिनट** |
| **कक्षाः चौथी** | **अनुक्रमांक.: ............** |

| पाठ्यचर्या लक्ष्य | पा.ल.2 (15) | पा.ल.3 (15) | पा.ल.4 (10) | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राप्तांक | अ.ल.उ.(15) | ल.उ.(15) | अ.ल.उ. (4) | ल.उ.(6) | 40 |
| | | | | | |

**निरीक्षक के हस्ताक्षरः---------------- परीक्षक के हस्ताक्षर :--------------------जाँचकर्ता के हस्ताक्षर:--------------**

## पा.ल. 2- अपठित/ पठित बोध (15)

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

**रवि एक मेहनती लड़का है। वह अपने माता-पिता का कहना मानता है और हर काम समय पर करता है। रवि को पढ़ाई के साथ-साथ पेड़-पौधे लगाना भी बहुत पसंद है। हर रविवार को वह अपने बगीचे में नए पौधे लगाता है और पुराने पौधों को पानी देता है। उसके बगीचे में गुलाब, चमेली, तुलसी और नींबू के पौधे हैं। वह अपने दोस्तों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करता है। उसके स्कूल के शिक्षक भी उसकी तारीफ करते हैं। रवि का सपना है कि वह बड़ा होकर एक पर्यावरण वैज्ञानिक बने और धरती को हरा-भरा बनाए।**

**1. रवि कैसा लड़का है?**

क) आलसी

ख) मेहनती

ग) शरारती

घ) गुस्सैल

**2. रवि को कौन-सा काम करना पसंद है?**

क) गाना गाना

ख) तैराकी करना

ग) पेड़-पौधे लगाना

घ) टी.वी. देखना

**3 . रवि के बगीचे में इनमें से कौन-सा पौधा नहीं है?**

क) तुलसी

ख) गुलाब

ग) आम

घ) नींबू

**4 . रवि अपने पौधों को कब पानी देता है?**

उत्तर-

---

________

**5. रवि बड़ा होकर क्या बनना चाहता है?**

उत्तर-

---

________

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**एक छोटा -सा  खरगोश जंगल में एक पेड़ के नीचे सो रहा था। अचानक एक जोरदार धम्म की आवाज़ आयी। खरगोश डर गया और सोचा- "अरे! क्या आसमान गिर रहा है!" घबरा कर वह भागने लगा। रास्ते में उसने एक लोमड़ी को बताया, और फिर दोनों भागने लगे। फिर भालू और हाथी उनसे जुड़ गए और एक-दूसरे को बताते हुए सब भागते गए।**

**आख़िरकार उन्हें एक शेर मिला। शेर ने पूछा, "क्यों भाग रहे हो?" सभी कहने लगे- "आसमान गिर रहा है!" शेर ने पूछा- "किसने कहा?" सब एक-दूसरे की ओर झुककर बोलने लगे कि किसी और ने कहा था। अंत में सभी पेड़ के नीचे चले गए और देखा कि वहाँ पेड़ से एक बड़ा फल गिरा था—यही तो उनका "आसमान" था। सभी हँस पड़े और समझ गए कि डरने से पहले सोच-विचार करना चाहिए।**

**1. खरगोश ने सबसे पहले क्या सोचा जब 'धम्म!' की आवाज़ सुनी?**

क) कोई पेड़ गिर रहा है।

ख) आसमान गिर रहा है।

ग) कोई जानवर आ रहा है।

घ) बारिश हो रही है।

**2. खरगोश ने सबसे पहले आसमान गिरने की बात किसे बताई?**

क) भालू

ख) हाथी

ग) लोमड़ी

घ) शेर

**3. सभी को भागता हुआ देखकर शेर ने क्या किया?**

क) डरकर भाग गया।

ख) सबको रोका और पूछा।

ग) किसी को नहीं सुना।

घ) हँसने लगा।

**4. खरगोश को ऐसा क्यों लगा कि आसमान गिर रहा है?**

उत्तर-__________________________________________________________________________________

____________

_____________________________________________________________________________________

__________

**5. इस कहानी से आपने क्या शिक्षा ली?**

उत्तर-__________________________________________________________________________________

____________

प्रश्न 3 - निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**कैसा हो अपना आहार,**

**आओ मिलकर करें विचार।**

**चावल, दाल और सब्जी खाओ,**

**तन में चुस्ती-फुर्ती लाओ।**

**केवल आलू तुम मत लाना,**

**भिंडी, परवल, नेनुआ भी खाना।**

**दूध-दही तुम छककर खाओ,**

**फल-फूलों के बाग लगाओ।**

**आम- अमरूद, पपीता खाओ,**

**केला, बेल भी घर ले आओ।**

**खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा,**

**गरमी की हरते हैं पीड़ा।**

**1. कविता के अनुसार हमें अपने आहार में कौन-सी चीज़ें शामिल करनी चाहिए जो शरीर को चुस्त-फुर्त बनाएँ?**

क) केवल आलू

ख) चावल, दाल और सब्ज़ी

ग) मीठा और तला हुआ

घ) केवल दूध

**2. कविता के अनुसार हमें आलू के अलावा और कौन-सी सब्ज़ियाँ भी खानी चाहिए?**

क) आलू और परवल

ख) केवल आलू

ग) भिंडी, परवल और नेनुआ

घ) केवल आलू और दहियाँ

**3. गर्मी में शरीर को ठंडक देने वाले क्या-क्या आहार कविता में बताए गए हैं?**

क) आम और अमरूद

ख) खरबूज, तरबूज, ककड़ी और खीरा

ग) दाल और चावल

घ) मूली और पालक

**4. नीचे दिए वाक्य में क्रिया शब्द कौन-सा है?**

"फल-फूलों के बाग लगाओ।"

______________________________________________________________________________

__________

**5. नीचे लिखी पंक्ति को पूरा करें।**

आम- अमरूद, पपीता खाओ,

______________________________________________________________

**पा.ल. 3- लेखन कौशल (15 अंक)**

**प्रश्न 4. किसी एक विषय पर 100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखें।**
**(5)**

"मेरा प्रिय पक्षी"

अथवा

अपनी माता के साथ शरद अवकाश में ननिहाल जाने पर वार्तालाप लिखिए।

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

**प्रश्न 5. पत्र लेखन / पोस्टर निर्माण।**
**(5)**

अपने मित्र को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

“पेड़ बचाओ” विषय पर एक सुंदर पोस्टर बनाइए। उस पर नारा भी लिखिए।

**प्रश्न 6. कविता/ कहानी बनाओ।**

**(5)**

"घोंघा और बारिश" विषय पर एक कहानी लिखिए।

अथवा

"धीरे-धीरे चलने वाला घोंघा" पर एक कविता लिखिए।

**पा.ल.4- शब्द ज्ञान व भाषा प्रयोग (10 अंक)**

प्रश्न 7. 'आसमान' का  पर्यायवाची शब्द लिखिए।

______________________________________________________________________________

______

प्रश्न 8. 'सूखा' का विलोम शब्द लिखिए।

______________________________________________________________________________

_____

प्रश्न 9. सही वर्तनी चुनिए और उसका अर्थ लिखिए।

मित्र / मित्तर / मित्त्र

_________________________________________________________________

प्रश्न 10. "आसमान सिर पर उठाना" मुहावरे का अर्थ लिखो।

______________________________________________________________________________

______

प्रश्न 11. भाषा प्रयोग (3 x 2 = 6)

क) नीचे दिए गए वाक्य को वर्तमान काल और भविष्य काल में बदलकर लिखिए।

हम खेल के मैदान में गए।

______________________________________________________________________________

______

________________________________________________________________________________________________

________

ख) नीचे दिए गए शब्द का लिंग बदलकर उसका वाक्य में प्रयोग करें।

पुरुष - ________________________________

________________________________________________________________________________________________

________

ग) नीचे दिए गए वाक्य को शुद्ध करके उचित विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए।

मुझे किताब कलम और पेंसिल चाहिए

________________________________________________________________________________________________

________